हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 18 सितंबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास बगिया में विराजे विश्वकर्मा



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री निवास बगिया में आज श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय सहित परिवारजन पूजा-अर्चना में शामिल हुए और विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की आराधना की। मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। श्रीमती कौशल्या साय ने इस मौके पर प्रदेशवासियों को श्री विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और निर्माण के प्रतीक हैं। उनकी कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार हो।पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री निवास में हुए इस आयोजन में सामाजिक सौहार्द और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### सवा लाख रुपए के गांजा समेत युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** गांजा लेकर ग्राहक की तलाश में घूम रहे तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सवा लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। बताया जा रहा है 15 सितम्बर की देर शाम कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि सतगुरु कबीर आश्रम बस स्टैंड के बीचे एक युवक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर घूम रहा है और ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही युवक यूपी के सोनभद्र घोरावाल परसौना निवासी 19 वर्षीय आशुतोष शर्मा आ. विजय नारायण शर्मा को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से कुल 6.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 1 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने उड़ीसा से गांजा ललाकर खापने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, सउनि अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक सूरज राय, आरक्षक अमरेश सिह सैनिक श्याम साहू, सुनील गुप्ता सक्रिय रहे।

### घर के बाहर बात करने पर युवक की हत्या

**बलरामपुर।** घर के बाहर बात करने से मना करने को लेकर हुए विवाद में युवक की लोहे के पाइप से मारकर हत्या कर दी गई। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गणेश मोड़ चौकी पुलिस से मिली जानकारी एक अनुसार महाराजगंज निवासी उपेन्द्र सिंह आ. नारायण सिंह 15 सितम्बर की शाम 7.30 बजे गांव के नरेंद्र सिंह के साथ अमर सिंह के घर करमा देखने गया हुआ था। रात को करमा देखकर दोनों वापस घर लौट रहे थे इस दौरान राम स्वरुप सिंह के घर के समीप उसे मित्र जय प्रकाश मिल गया जिससे दोनों युवक खड़े होकर बातचीत करने लगे। रात लगभग 9 बजे मकान मालिक राम स्वरुप मौके पर पहुंचा और उसके घर के समीप बातचीत करने व हल्ला गुल्ला करने को लेकर उपेन्द्र सिंह से विवाद करने लगा। जब युवकों ने राम स्वरुप से कहा कि वे शोर नहीं मचा रहे है तो राम स्वरुप भड़क गया और दोनों से झगड़ा करने लगा। विवाद बढने पर राम स्वरुप सिंह घर से लोहे की पाइप लेकर आया और हत्या करने की नियत से उपेन्द्र सिंह के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में उपेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद उपेन्द्र के पिता महराजगंज निवासी 56 वर्षीय नारायण सिंह आ. स्व. बुद्ध सिंह ने घटना की शिकायत पुलिस से की।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर पौधरोपण, एकजुटता व राष्ट्र प्रेम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने प्रातः 9 बजे बगिया स्थित फलेश्वर नाथ मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 वर्षों से राष्ट्र निर्माण के लिए लगातार समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, साथ ही छत्तीसगढ़ ने भी नक्सलमुक्ति की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।



फलेश्वर नाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण करतीं कौशल्या साय।

### प्रत्येक घर में दीप जला राष्ट्र प्रगति का दे संदेश

उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि बुधवार को प्रत्येक घर में दीप प्रज्वलित कर एकजुटता और राष्ट्र प्रगति का संदेश दें। शाम 6 बजे कुनकुरी के छठ घाट में भव्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें घाट को दीपों से सजाकर रोशन किया गया। नगरवासियों ने इस आयोजन की तैयारी पूरे उत्साह के साथ की और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्र की उन्नति की कामना की।

### पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक परंपरा नहीं बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्ग है।



सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करतीं विधायक रायमुनी भगत व गोमती साय।

## सेवा पखवाड़ा व छायाचित्र प्रदर्शनी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिवस आज पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में आज जनसंपर्क विभाग के द्वारा कलेक्टरेट परिसर में आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा और विकसित भारत की संकल्पना आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक श्रीमती गोमती साय एवं विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, कलेक्टर रोहित व्यास मौजूद थे। इस दौरान सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जीवन लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वे दृढ़ संकल्प के साथ मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में सतत रूप से कार्यरत हैं। विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है। उन्होंने यह साबित किया है कि तमाम चुनौतियों का सामना कर किस तरह विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा जा सकता है।

## प्रधानमंत्री ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के धार से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, 8वें राष्ट्रीय पोषण माह, एक बगिया मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर मां बीमार हो जाए, तो परिवार की सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं। इसीलिए 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान माताओं-बहनों को समर्पित है। ऐसी बहुत सारी बीमारियां होती हैं, जो चुपचाप आती हैं, और पता न चलने के कारण धीरे-धीरे बहुत बड़ी बन जाती हैं। ऐसी बीमारियाँ, जिनका महिलाओं में सबसे ज्यादा खतरा है, ऐसी बीमारियों को शुरुआती दौर में ही, उसको पकड़ना बहुत जरूरी है। इसलिए इस अभियान के तहत बीपी, डायबिटीज, एनीमिया-टीबी, कैंसर जैसी भयंकर बीमारी की जांच स्वास्थ्य कैम्पों में निःशुल्क की जाएगी। इन स्वास्थ्य कैंपों में इनकी जांच के साथ सभी दवाइयां भी निःशुल्क प्राप्त होंगी एवं आगे के इलाज में आयुष्मान कार्ड द्वारा उपचार होगा। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बेटियों के सही पोषण के लिए आठवें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत की गयी है।

- विधायक गोमती साय व विधायक रायमुनी भगत वर्चुअली शामिल



महिलाओं को प्रदान किया गया आयुष्मान कार्ड।

### मुख्यमंत्री साय ने दी बड़ी सौगात, दूसरे राज्यों का सफर होगा आसान

# ईब नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले के विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। लंबे समय से लंबित मांग अब पूरी होने जा रही है। फरसाबहार क्षेत्र के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धौरासांड से दाईजबहार मार्ग पर ईब नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 9 करोड़ 18 लाख रुपए की प्रशासकीय मंजूरी प्रदान की है।यह निर्माण कार्य निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। पुल बन जाने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और वर्षों से महसूस की जा रही बड़ी आवश्यकता पूरी होगी।

- 9 करोड़ 18 लाख की लागत से होगा निर्माण



पुल निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल।

### मिलेगी आवागमन की बड़ी सुविधा

इस पुल के निर्माण के बाद दाईजबहार, बरकशपाली, साजबहार, बामहनमारा, तपकरा से धौरासांड, खुटगांव, बनगांव, हेटघिंचा और तुबा जैसे गांवों की दूरी काफी कम हो जाएगी। ग्रामीणों को अब लंबा चक्कर लगाकर आवागमन नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की भी बचत होगी।

### ओडिसा, झारखंड से होगा सीधा संपर्क

ईब नदी पर बनने वाला यह उच्च स्तरीय पुल केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं बल्कि क्षेत्रीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। यह मार्ग छत्तीसगढ़ को सीधे ओडिशा और झारखंड राज्यों से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग बन जाएगा। इससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## करडेगा स्कूल का प्राचार्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 सितंबर 2025 अनुसार गीता प्रसाद मधुकर, प्राचार्य, शा.उ.मा.वि. करडेगा, वि.ख. दुलदुला जिला जशपुर विद्यालय से अधिकतर अनुपस्थित रहते है।

उनके द्वारा विद्यालय में नियमित रूप से कक्षाएं नहीं ली जाती है, विद्यालयीन कार्यों में रूचि नहीं लेने से विद्यालयीन व्यवस्था प्रतिकूलतः प्रभावित हुआ है, जैसे विद्यालय में स्वच्छ पेयजल का अभाव, स्वच्छ शैचालय का अभाव, फर्नीचर का खराब होना, पंखा एवं विद्युत उपकरण कियाशील नहीं होना, क्रीडा सामग्रियों का उपयोग नहीं होना, एनएसएस एवं स्काऊट गाईड की गतिविधियां नहीं होना पाया गया साथ ही उच्च अधिकारियों के आदेशो व निर्देशों की अवहेलना करना, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की प्रति दुर्व्यवहार एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करना एवं विद्यालयीन आबंटित राशि का अनुचित रूप से आहरण एवं निर्धारित मद अंतर्गत संबंधित कार्यों हेतु उपयोग नहीं किया जाता है तथा उनमें विद्यार्थियों के शैक्षणिक, शारीरिक, मानसिक गतिविधियों के संबंध में नियंत्रण का अभाव है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुनकुरी के द्वारा मधुकर के विरूद्ध टीसी के एवज में अधिक राशि की मांग एवं कार्यालयीन स्टाफ के साथ अनुचित व्यवहार की जांच किया गया, जो प्रथम दृष्टया प्रमाणित होना पाया गया है। मधुकर का उक्त कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के सर्वथा विपरीत है। अतएव छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत श्री मधुकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जशपुर नियत किया जाता है।

- निलंबन अवधि में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में नियत

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** महिला सुरक्षा को लेकर जशपुर पुलिस की मुस्तैदी एक बार फिर सामने आई है। थाना बगीचा क्षेत्र के चर्चित दुष्कर्म प्रकरण में महीनों से फरार चल रहे आरोपी अंकित किस्पोट्टा 29 वर्ष को पुलिस ने रायपुर रेलवे स्टेशन से धर दबोचा। आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन इस बार पुलिस ने जीआरपी रायपुर की मदद से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

रिश्ता तय हुआ, लेकिन बना विश्वासघात फरवरी 2025 में पीड़िता का रिश्ता आरोपी अंकित किस्पोट्टा से तय हुआ था। इसी बहाने आरोपी का पीड़िता के घर आना-जाना शुरू हुआ। 30 मार्च 2025 की रात आरोपी पीड़िता को उसके घर से मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने गांव ले गया। वहीं शादी का हवाला देकर पीड़िता की असहमति के बावजूद उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी हर सप्ताह पीड़िता से मिलने आता और शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा।चार माह की गर्भवती हुई पीड़िता, आरोपी ने किया इंकार लगातार शोषण से पीड़िता गर्भवती हो गई। जून 2025 में जब गर्भ चार माह का हुआ तो आरोपी ने शादी से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता ने साहस जुटाकर 8 अगस्त को चौकी सोनक्यारी में रिपोर्ट दर्ज कराई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## नवगुरूकुल में युवाओं को मिल रहा आवासीय प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा नवगुरुकुल फाउंडेशन के सहयोग से जिले के युवाओं को तकनीकी और बिजनेस शिक्षा प्रदान करने हेतु आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रारंभ किया गया है। यह विशेष कार्यक्रम पूरी तरह से निःशुल्क है तथा प्रशिक्षण के उपरांत शत-प्रतिशत रोजगार की गारंटी देता है। यह आवासीय प्रशिक्षण 18 से 24 माह की अवधि का होगा, जिसमें विद्यार्थियों को कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग तथा व्यवसायिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में अभ्यर्थियों को निःशुल्क छात्रावास, लैपटॉप, इंटरनेट सुविधा एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम पूर्णतः रोजगारोन्मुखी स्वरूप में संचालित किया जा रहा है। अब तक इस प्रशिक्षण से 100 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें से 52 से अधिक विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में नियुक्ति प्राप्त हुई है, जिनमें जुवी, एस एंड पी ग्लोबल, माइक्रोनक्स्ट और पोटा केबिन जैसी कंपनियाँ शामिल हैं। औसतन अभ्यर्थियों को 15,000 से 20,000 रुपये मासिक वेतन प्राप्त हो रहा है। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थियों को कक्षा आठवीं स्तर की सामान्य गणितीय परीक्षा देनी होगी, जिसे कैंपस अथवा ऑनलाइन माध्यम से संपन्न किया जा सकता है। तत्पश्चात टीम सदस्य के साथ एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 17 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अधिकतम आयु सीमा नहीं है। महिला और पुरुष दोनों वर्गों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। साथ ही पारिवारिक वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम होना अनिवार्य है। प्रवेश 17 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो चुके हैं और सीट भरने तक जारी रहेंगे। परीक्षा का समय सोमवार से शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है तथा परीक्षा स्थल लाइवलीहुड कॉलेज, डोडकाचोरा, जशपुर रहेगा।

- प्रशिक्षण पूरी तरह से नि:शुल्क

## जशपुर का उभरता चेहरा, शिक्षा, संस्कृति और नई पीढ़ी ने दिखाया सामर्थ्य

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में तथा यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता द्वारा संचालित ओपन लिंक्स फाउंडेशन के द्वारा आज वर्चुअल रूप से बोलेगा बचपन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में ओपन लिंक फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ के चयनित शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ सम्मिलित हुए जिसमें जशपुर जिले से प्रतिनिधित्व करते हुए सेजेस बगीचा से छात्र एंजेल शर्मा के साथ कार्तिक कुमार सिन्हा एवं प्राथमिक शाला जामटोली से छात्रा रूपाली बाई के साथ श्रीमती रत्ना गुरु शामिल रहे। मशहूर अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी के साथ बोलेगा बचपन के अंतर्गत जशपुर जिले की तरफ से रस के विभिन्न प्रकार में से रौद्र रस और अद्भुत रस का प्रस्तुतीकरण किया।




बॉलीवुड अभिनेत्री व लेखिका सुश्री कुलकर्णी ने दोनों शिक्षकों से संवाद कर उनकी सराहना की। उन्होंने कहा आदिवासी अंचल से आकर शिक्षा व तकनीक को बच्चों तक पहुंचाना जशपुर के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर यशस्वी जशपुर से संजीव शर्मा, अवनीश पांडे और प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने शिक्षकों को राज्य स्तर पर प्रस्तुतीकरण हेतु बहुत-बहुत बधाई संदेश दिया।

### जिला प्रशासन पर्यटन के विकास के लिए सतत रूप से कर रहा कार्य

## पुणे से आए पर्यटकों को खूब भाए यहां के पर्यटन स्थल और संस्कृति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर के पर्यटक स्थल झरनों, गुफाओं, चाय बगानों और समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण जशपुर की खूबसूरती को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने पर्यटन अधोसंरचना का विकास करने सहित कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री की इस पहल न केवल जशपुर की विरासत को एक पहचान मिल रही है, बल्कि स्थानीय युवाओं और समुदाय के लिए भी अवसरों के नए द्वार खोल रही है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास और जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार का मार्गदर्शन में जशपुर की पर्यटकों का आकर्षित करने के लिए कई कायक्रम का संचालन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय ट्रैवल स्टार्टअप ट्रिप्पी हिल्स ने अनएक्सप्लोर्ड बस्तर के साथ मिलकर एक संगठित टूर के द्वारा पुणे से आए पर्यटकों को जशपुर की विविधताओं से रूबरू कराया। पर्यटकों ने जशपुर के कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। कैलाश गुफा की रहस्यमयी संरचना ने सभी को आकर्षित किया, वहीं राजपुरी जलप्रपात और रानीदह जलप्रपात की गूंजती धाराओं ने प्रकृति की शक्ति और सौंदर्य का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। सोगड़ा आश्रम की शांत व सुकूनभरी वातावरण में पर्यटकों ने आध्यात्मिक अनुभूति पाई। इसके अलावा, सरुदीह टी गार्डन की हरी-भरी वादियों ने उन्हें चाय बगानों के सौंदर्य से परिचित कराया। पर्यटकों के लिए इस यात्रा का एक खास आकर्षण था जनजातीय नृत्य प्रदर्शन, जो सरुदीह टी गार्डन में आयोजित किया गया। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी संस्कृति की झलक दिखाई, जिसे देखकर मेहमानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तालियों से स्वागत किया। यह अनुभव पर्यटकों के लिए जशपुर की लोकधरोहर से जुड़ने का अनोखा अवसर रहा। जशपुर यात्रा के दौरान पर्यटकों ने जनजातीय संग्रहालय का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्हें आदिवासी जीवनशैली, पारंपरिक शिल्प, वाद्ययंत्र और सांस्कृतिक धरोहर की अनूठी झलक देखने को मिली। संग्रहालय ने उन्हें जशपुर की समृद्ध जनजातीय विरासत से नज़दीक से जोड़ने का अवसर प्रदान किया।

यात्रा के दौरान पर्यटकों ने खांडसा गाँव में स्वादिष्ट पारंपरिक भोजन का भी आनंद लिया। स्थानीय व्यंजनों ने उन्हें ग्रामीण जीवनशैली और आतिथ्य की असली पहचान से परिचित कराया। समूह ने बताया कि गांववालों की सादगी और आत्मीयता उनके लिए किसी यादगार अनुभव से कम नहीं रही। पर्यटकों के लिए यह यात्रा सहज, सुरक्षित व आनंददायी होने के साथ यादगार भी रहा। पर्यटकों ने कहा कि उन्हें स्थानीय गाइड की मदद मिलने के साथ ही लोगों का मृदुल व्यवहार भी खूब भाया। उन्होंने बताया कि यहां की संस्कृति काफी सुंदर है। प्राकृतिक स्थल मन को मोह लेने वाला है।



पर्यटन स्थल का भ्रमण करते पुणे के पर्यटक।

## गुम मोबाइल से अज्ञात लोगों ने पार किया लाखों रूपए

**अम्बिकापुर।** हार्डवेयर दुकान संचालक के गुम हुए मोबाइल से अज्ञात लोगों ने फोन पे के माध्यम से 2 लाख 43 हजार रुपए पार कर दिया। दुकान संचालक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुराना बस स्टैंड स्थित हार्डवेयर दुकान संचालक धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल आ. स्व. हुकुम चंद अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 13 सितंबर की रात मोबाइल माया लॉज के समीप गिर गया था। मोबाइल में दो बैंक का फोन पे चालू था। मोबाइल के गुम हो जाने पर दुकान संचालक ने दूसरा सिम निकलवा कर चालू किया तो पता चला कि मोबाइल के फोन पे से कई बार में दोनों बैंक खाते से कुल 2 लाख 43 हजार रुपए गायब थे। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण



## खबर संक्षेप

### जिले में 1248.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 17 सितम्बर तक 1248.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1448 मिली मीटर, पुसौर में 1309.2, खरसिया में 1154.7, घरघोड़ा में 1244.9, तमनार में 989.7, लैलूंगा में 1071.5, मुकडेगा में 1454.5, धरमजयगढ़ में 1003.5, छाल में 1171.5 एवं कापू में 1635.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अवैध शराब तस्करी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने आज अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने लोचन नगर मेन रोड के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों में मोटरसायकल चालक मोहम्मद साबीर पिता मोहम्मद मुनीर चांदनी चौक और उसके पीछे बैठे मोहम्मद सद्दाम मलिक पिता स्वर्गीय कुतुबुद्दीन मलिक उम्र 36 वर्ष, मधुबनपारा शामिल हैं। जांच में मोहम्मद सद्दाम के कब्जे से 35 पाव देशी मदिरा बरामद हुई। आरोपियों ने शराब को अवैध बिक्री के लिए ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बरामद शराब की कीमत 2,800 रुपए और मोटरसायकल 40,000 रुपए के हिसाब से जब्त की। आरोपियों के खिलाफ धारा 34,2 और 59.क आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सारंगढ़।** सेवा पखवाड़ा में कलेक्ट्रेट परिसर सारंगढ़ से कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के हितग्राहियों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम वर्षा बंसल, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी, सहायक ग्रेड 2 रोशन यादव उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ, 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





चिकित्सालय रायगढ़ में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने जिला स्तरीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल चौहान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि स्वस्थ माताएं और बहनें ही स्वस्थ और सशक्त परिवार की नींव हैं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रारंभ हुआ यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा दान है। नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा में विभिन्न विभागों द्वारा कई कार्यक्रम होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने और जन सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। टीबी मरीजों को फुड बॉस्केट वितरित किए गए और उन्हें संतुलित आहार एवं स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के धार जिले में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, सुरेश गोयल, गुरूपाल भल्ला, श्रीमती पूनम सोलंकी, विकास केडिया, पावन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुक्तिनाथ बबुआ, ज्योति यादव, सिविल सर्जन डॉ.दिनेश पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भियान की प्रमुख गतिविधियां

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में अभियान के अंतर्गत जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से गैर-संचारी रोग, कैंसर, टीबी, सिकल सेल रोग एवं एनीमिया की जांच, मातृ स्वास्थ्य जांच एवं उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान, किशोरों में एनीमिया, हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और बीपी परीक्षण, टीकाकरण, शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, आयरन व फोलिक एसिड टैबलेट का वितरण और परामर्श, संतुलित आहार, पोषण एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता और निक्षय मित्र कार्यक्रम के माध्यम से टीबी मरीजों को सहयोग शामिल हैं। यह विशेष अभियान 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक जिलेभर में चलाया जाएगा, जिसमें महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



# नैनो उर्वरक को बढ़ावा देने सीईओ ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में खरीफ वर्ष 2026 में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम करने और टिकाऊ कृषि पद्धति को अपनाने के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में कृषि विभाग की बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के सीईओ जितेंद्र यादव ने की।

बैठक में जिले में हरी खाद जैसे सनई, ढेंचा एवं नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही डबल केज व्हील के सड़कों पर उर्वरक के उपयोग पर रोक लगाने और किसानों को आधुनिक, पर्यावरण हितैषी तकनीकों से जोड़ने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कंपनी (इफको) के महाप्रबंधक कृषि सेवाएं दिनेश गांधी और क्षेत्रीय अधिकारी भूपेंद्र पाटीदार ने किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के सही उपयोग, लाभ और प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरक मिट्टी की उर्वराशक्ति बनाए रखते हुए खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने में मददगार हैं। कृषि विभाग के उप संचालक अनिल वर्मा ने बताया कि जिले के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अपने क्षेत्रों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के निःशुल्क प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसका उद्देश्य किसानों को कम लागत, अधिक उत्पादन और पर्यावरण हितैषी खेती की ओर प्रेरित करना है।

# एनएचएम कर्मचारी करेंगे जेलभरो आंदोलन, मांगें अब भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन लगातार 31वें दिन में प्रवेश कर गया है। कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रमुख मांगों में ग्रेड पे निर्धारण, नियमितीकरण और अन्य कार्य.संबंधी सुविधाएं शामिल हैं। कर्मचारी कहते हैं कि सरकार बार.बार 5 या 7 मांगों को पूरा करने का आश्वासन देती है, लेकिन अब तक कोई लिखित आदेश नहीं आया है।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सभी एनएचएम कर्मचारियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई दी और साथ ही मांगों के जल्द पूरा होने की मांग की। कर्मचारियों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर अपने संदेश साझा किए। जिला एनएचएम संघ के सचिव वैभव डियोडिया ने बताया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कर्मचारियों की सभी मांगें पूरी नहीं होतीं। गुरुवार को रायपुर में जेलभरो आंदोलन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में रायगढ़ से लगभग 500 कर्मचारी शामिल होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि इस आंदोलन से उन्हें सरकार पर दबाव बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही 24 घंटे के भीतर ड्यूटी ज्वाइन करने के अल्टीमेटम के बावजूद 2 कर्मचारी आंदोलन स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। जांच में पता चला कि वे पहले ही ड्यूटी ज्वाइन कर चुके हैं। इस कारण उन्हें जिला संघ द्वारा बहिष्कृत कर दिया गया। एनएचएम कर्मचारी लगातार यह जताना चाहते हैं कि वे केवल अपने हक के लिए आवाज उठा रहे हैं और उनकी मांगें वाजिब हैं। कर्मचारी आंदोलन के दौरान अपने अधिकारों और सुविधाओं की मांग को लेकर दृढ़ हैं। जिले के अन्य कर्मचारी और समाज के लोग भी इस आंदोलन पर नजर बनाए हुए हैं।

# अप्पू राजा ने लोगों को दी जागरूकता की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




बुधवार को शहर में स्वच्छता ही सेवा 2025 का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू और आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने स्वच्छता रथ और कचरा संग्रहण में लगे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रैली के लिए रवाना किया।

रैली की शुरुआत निगम कार्यालय से हुईए जिसमें शहर की स्वच्छता प्रतीक अप्पू राजा, स्वच्छता रथ, कचरा संग्रहण में लगे 7 मिनी टिपर वाहन और निगम के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों सुभाष चौक, गद्दी चौक, हंडी चौक, घड़ी चौक, सतीगुड़ी चौक, बेटी बचाओ चौक और एसपी कार्यालय चौक से होकर गुजरते हुए नगर निगम कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया, जिसमें लोगों से शहर को स्वच्छ रखने का योगदान देनेए कचरा कहीं फेंकने से बचने और निगम के स्वच्छता वाहनों या स्वच्छता दीदियों के रिक्शे में ही कचरा देने की अपील की गई। साथ ही व्यवसायियों को सूखा और गीला कचरा अलग रखने और दो डस्टबिन का उपयोग करने की सलाह दी गई।

■ रायगढ़ में स्वच्छता ही सेवा 2025 का भव्य शुभारंभ

### महापौर ने दिलवाई शपथ

रैली से पूर्व महापौर जीवर्धन चौहान ने सभी उपस्थित नागरिकों और कर्मचारियों को शहर और घर की स्वच्छता के लिए हर हफ्ते निश्चित समय निकालनेए स्वच्छता अभियान में अपने परिजन और मित्रों को जोड़नेए कचरा कहीं भी न फेंकने और दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलाई।

### अप्पू राजा ने व्यवसायियों से सहयोग की अपील

रैली में शामिल अप्पू राजा ने चौक.चौराहों में व्यापारियों से हाथ मिलाकर शहर को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से भोजन.सामग्री बेचने वाले व्यवसायियों को दो डस्टबिन रखने, सूखा और गीला कचरा अलग करने और निगम के स्वच्छता वाहनों को देने की अपील की। रैली के दौरान नागरिकों ने अप्पू राजा के साथ सेल्फी लेकर शहर की स्वच्छता में योगदान देने का उत्साह दिखाया।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने जारी किया आदेश

# रायगढ़ से एक साल के लिए जिला बदर हुए विकास चौहान और श्याम गोरख

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए रायगढ़ जिले के दो शातिर अपराधियों विकास चौहान और श्याम गोरखकृको एक वर्ष के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। आदेश के तहत दोनों व्यक्तियों को 24 घंटे के भीतर रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदाबाजार, महासमुंद, जांजगीर.चांपा, कोरबा और जशपुर की सीमाओं से बाहर जाना होगा। आदेश की अवहेलना पर दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### लगातार अपराधों से फैला असुरक्षा का माहौल

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि विकास चौहान 26 वर्ष वर्ष 2018 से चोरी, लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त रहा है। उसके खिलाफ थाना जूटमिल में 11 प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा अपराधों की रोकथाम हेतु उस पर 7 बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई, बावजूद इसके उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ और उसके कारण आमजन में भय एवं असुरक्षा का माहौल बना। इसी तरह श्याम गोरख 27 वर्षद्ध वर्ष 2014 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया गया है। उसके खिलाफ थाना कोतवाली रायगढ़ में 17 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें गुण्डागर्दी, गाली.गलौच, मारपीट, जान से मारने की धमकी, अपहरण और जुआ शामिल हैं। उस पर भी 4 बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन वह आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय बना रहा।

### सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिला बदर

पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने माना कि इन दोनों व्यक्तियों की गतिविधियां जिले की शांतिए सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क एवं ख के तहत इन्हें रायगढ़ समेत आसपास के आठ जिलों से एक साल के लिए निष्कासित किया गया है।

# एससीव्हीटी एवं हायर सेकेण्डरी तथा आईटीआई की संयुक्त परीक्षा 25 से 6 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छग रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य व्यवसायिक परीक्षा एससीवीटी एवं हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त परीक्षा सितम्बर 2025 की परीक्षा समय सारणी जारी कर दी गई है।

एससीव्हीटी प्रवेशित सत्र अगस्त 2023 द्विवर्षीय व्यवसाय एवं 2024 एकवर्षीय व्यवसाय के नियमित प्रशिक्षणार्थी एवं पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष हैए उक्त परीक्षा में सम्मिलित होगें। एससीव्हीटी एवं हायर सेकेण्डरी तथा आईटीआई की संयुक्त परीक्षा सितम्बर 2025 की परीक्षा 25 सितम्बर से 6 अक्टूबर 2025 तक संपन्न होना नियत है।

परीक्षार्थी परीक्षा फार्म 22 सितम्बर 2025 तक निर्धारित समय में भरकर संस्था में जमा करें। विस्तृत जानकारी संस्था से प्राप्त की जा सकती है तथा संस्था के सूचना पटल में चस्पा किया गया है जिसका अवलोकन कर सकते है।

# 65 शिक्षक नई पोस्टिंग से नाराज ज्वाइनिंग अभी तक नहीं




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन द्वारा शिक्षकविहीन स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके तहत जिले के अतिशेष शिक्षकों को नए स्कूलों में ज्वाइनिंग देने के आदेश दिए गए। लेकिन रायगढ़ जिले में 65 शिक्षकों ने अब तक नई पोस्टिंग स्वीकार नहीं की हैए जिससे शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में कई शिक्षकों ने अपनी पोस्टिंग सही न होने का विरोध किया है। कुछ शिक्षकों ने नई पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाइन नहीं करने के लिए ज्वॉइंट डायरेक्टर बिलासपुर के समक्ष अपील भी दर्ज कराई है। वहीं अन्य जिलों में ज्वाइन नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। शिक्षक संगठनों ने इस प्रक्रिया के दौरान आपत्ति जताईए लेकिन सरकार ने किसी भी शिक्षक की नहीं मानी और अपने आदेशों के अनुसार कार्यवाही जारी रखी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अतिशेष शिक्षकों को जल्द से जल्द नवीन पदस्थापना दी जाएगी, ताकि स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर हो सके और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

रायगढ़ जिले के शिक्षक इस समय जेडी कार्यालय के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। सुनवाई प्रक्रिया अभी भी जारी है और प्रशासन इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने का प्रयास कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षकविहीन स्कूलों में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद भी शिक्षकों द्वारा ज्वाइन न करना शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि प्रशासन पर भी दबाव बढ़ता है। मामले में शिक्षा अधिकारी का कहना है कि सभी शिक्षकों की समस्याओं और आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष और उचित समाधान निकाला जाएगा।

**खास बात**

- अब शिक्षकों की जेडी कार्यालय में सुनवाई

हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने नगर पालिक निगम ने ली जिम्मेदारी

# प्रधानमंत्री अंगीकार अभियान 2025 का रायगढ़ से शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बुधवार को नगर निगम सभा कक्ष में प्रधानमंत्री अंगीकार अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संदेश दिया है कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक प्रधानमंत्री नाम से संबंधित केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी उद्देश्य से इस अभियान को अंगीकार 2025 नाम दिया गया है।

महापौर चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले चुके हितग्राहियों को अब प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए निगम की टीम घर.घर जाकर संपर्क कर लोगों को जागरूक करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आज से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा भी शुरू हुआ है, जो 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा।

आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान निगम की टीमें घर.घर जाकर योजनाओं की जानकारी देंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत अब राशि बढ़ा दी गई है। पहली किस्त 10,000 से बढ़ाकर 15,000, दूसरी किस्त 20,000 से 25,000 और तीसरी किस्त 50,000 कर दी गई है।

### हितग्राहियों को मिली चाबी और भवन अनुज्ञा

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोर मकान मोर आस योजना अंतर्गत पूर्ण हुए 20 हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप घर की चाबी प्रदान की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नए पास हुए 15 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र सौंपा गया। खुद का घर मिलने पर संजय पुरसेठ, नेहरू पटेल, कुंती यादव और सुषमा प्रधान की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार के लिए पक्का मकान बनाना असंभव लगता था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका सपना पूरा हुआ है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर महापौर चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, एमआईसी सदस्य पूनम सोलंकी, सुरेश गोयल, मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे, पार्षद यादराम साहू सहित निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया, निगम सचिव राम नारायण पटेल, लेखा अधिकारी अजय वर्मा, उप अभियंता ऋषि राठौर, लेखपाल महताब अंसारी समेत अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट में आदि सेवा पर्व पर छायाचित्र प्रदर्शनी

**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में आदि सेवा पर्व और सेवा पखवाड़ा के अवसर पर विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया और यह नागरिकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों को जीवंत छवियों, प्रेरक संदेशों और रोचक विवरणों के माध्यम से दर्शाया गया। इसमें उनके बचपन की प्रेरक कहानियां, छात्र जीवन की अनुशासनशीलता, मातृ संस्कार, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्य प्रमुख रूप से उजागर किए गए। छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया। विशेषकर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पर्यावरण जागरूकता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, डिजिटल इंडिया से जुड़े नवाचार, शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव, अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियाँ, रक्षा बलों का सशक्तिकरण और आतंकवाद को मिले मुंहतोड़ जवाब को भी प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना, ऊर्जा क्रांति और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को मिली विकास सौगातों को विशेष रूप से दर्शाया गया।

### पुसौर में शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा

**पुसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में पुसौर भाजपा मंडल ने स्वच्छता अभियान के तहत समाज सेवा का संदेश दिया। आलेख महिमा आश्रम छिछोर उमरिया में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव के नेतृत्व में आश्रम परिसर की सफाई की गई। सफाई अभियान के बाद आश्रम के नन्हे बच्चों ने मोदी के जन्मदिन का केक काटकर उत्सव मनाया। बच्चों को मिष्ठान और पेन वितरण कर उनके उत्साह को बढ़ाया गया।कार्यक्रम में मंडल महामंत्री विजय गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता, सह प्रभारी शिशुपाल गुप्ता, सह संयोजक अशोक गुप्ता, आश्रम संचालक बाबा भगवान दास, मंडल उपाध्यक्ष रजनी श्रीवास, भाजयुमो अध्यक्ष रजत गुप्ता, अन्य वरिष्ठ नेता और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर स्वच्छता और समाज सेवा का संदेश आमजन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

### अमृत सरोवर बना आत्मनिर्भरता का जरिया

**रायगढ़।** जिले के अमृत सरोवर अब सिर्फ पानी का तालाब नहीं, बल्कि गाँव की महिलाओं की आर्थिक उन्नति का साधन बन गए हैं। रायगढ़ जिले के छोटे से गाँव कोड़ासिया में पद्मावती महिला स्व-सहायता समूह ने मछली पालन कर यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों और सामूहिक प्रयासों से आत्मनिर्भरता का सपना पूरा किया जा सकता है। समूह की 10 महिलाओं ने 2.70 एकड़ के अमृत सरोवर में मछली पालन की शुरुआत की। ताजी मछलियों की बिक्री उन्होंने कोड़ासिया के साप्ताहिक बाजार और तालाब किनारे की। धीरे-धीरे उनकी पहचान बनी और अब गाँव की अन्य महिलाएँ भी इन्हें देखकर प्रेरित हो रही हैं।

## दिशा समिति की बैठक में सांसद जांगड़े ने दिए निर्देश

# किसानों की सुविधा के लिए खोले जाएंगे सहायता केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेते सांसद, कलेक्टर व विधायक

किसानों की सुविधा के लिए जिले में सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। दिशा समिति की बैठक में जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही किसानों को खाद की समय पर आपूर्ति के लिए भी निर्देशित किया।

लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार 16 सितंबर को आयोजित हुई। उन्होंने बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की और बेहतर कार्यान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद श्रीमती जांगड़े ने दिशा समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति पर बिंदुवार चर्चा की और अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान सांसद ने हितग्राहियों को जनसंपर्क अनुदान राशि का चेक वितरण किया। सांसद ने सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को सुविधाओं के लिए सहायता केन्द्र स्थापित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद उपलब्धता में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-जल योजना के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी गति से किया जाए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण कार्यक्रम एवं कुपोषण उन्मूलन पर विशेष चर्चा की गई। सांसद ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए। विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युत विभाग, शिक्षा, जल संसाधन, पशुपालन और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सरपंच, गुलजार सिंह, संजय रामचन्द्र अग्रवाल, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, वनमण्डलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहर की ट्रैफिक सिग्नल लंबे समय से खराब , आवागमन में हो रही दिक्कतें

## जिम्मेदार अफसरों को समस्या से नहीं कोई सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


कचहरी चौक में बंद ट्रैफिक सिग्नल।

जांजगीर शहर की ट्रैफिक सिग्नल ब्यवस्था लंबे समय से खराब हो चुकी है। जिसके कारण वाहन चालक सहित आम लोगो को आवागमन में परेशानी हो रही है। वही इस समस्या को लेकर विभाग के जिम्मेदार अफसरो को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, नेताजी चौक, केरा रोड, अटल चौक सहीत अन्य प्रमुख मार्गो पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। ताकि वाहन चालक सहित आम बाइक सवार लोग भी यातायात नियमो का पालन करते हुए। अपने वाहनो का परिचालन करे। इधर जांजगीर शहर की ट्रैफिक सिग्नल ब्यवस्था लंबे समय से खराब हो चुकी है। वही इसके मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी उठानी पडती है। इधर शहर के बिगडे ट्रैफिक सिग्नल के कारण लोगो को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। शाम के वक्त तो कचहरी चौक, नेताजी चौक सहित अन्य जगहो पर जाम की स्थिती निर्मित हो जाती है। इसके बाद भी खराब हो चुके ट्रैफिक सिग्नल को बनाने की दिशा में पहल तक नही की जा रही है। पहले भी सिग्नल ब्यवस्था कई बार बाधित हो चुकी है, लेकिन इसके रखरखाव पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। इसी प्रकार चाम्पा शहर के सदर बाजार, बरपाली चौक, लायंस चौक, शिवरीनारायण के मुख्य मार्ग, गिधौरी मार्ग, बलौदा के बस स्टैड सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर पर्व के दौरान ज्यादा भीड देखने को मिलती है।

### नवरात्रि पर व्यवस्था सुधारने रहेगी चुनौती

सोमवार 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रहा है। इस बीच नैला में श्रीश्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हर साल आकर्षक दुर्गा महोत्सव का आयोजन रखा जाता है। जिसे देखने के लिए ना केवल जांजगीर चांपा जिले बल्कि प्रदेश के हर कोने से श्रद्धालु पहुंचते है। ऐसे में नवरात्रि पर्व के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाने यातायात व पुलिस जवानों को तैनात किया जाता है, लेकिन नवरात्रि पर्व के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाना जवानों के लिए चुनौती बनी होती है। पर्व के दौरान लोगों के बेहताशा भीड़ को देखते हुए वाहन पार्किंग के लिए व्यवस्था तो बनाई जाती है, लेकिन हजारों लोगों की भीड़ को देखते हुए यह भी व्यवस्था कम पड़ जाती है। ऐसे में इस साल भी फिर से व्यवस्था बनाने में यातायात जवानों को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पर आयुष विभाग की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- जागरूकता रैली, औषधि वितरण और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती महोत्सव पर आयुष विभाग ने जिलेभर में स्वास्थ्य जागरूकता और नि:शुल्क चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इन आयोजनों का उद्देश्य आमजन को आयुर्वेद, होम्योपैथी और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व से जोड़ना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

### विद्यालयों में बच्चों की सहभागिता

प्राथमिक शाला बर्रा में आयोजित जागरूकता रैली में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। रैली के दौरान बच्चों को शतावरी, ब्राह्मी और धृतकुमारी जैसे औषधीय पौधों की पहचान कराई गई और उनके स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराया गया। इससे विद्यार्थियों में आयुर्वेदिक औषधियों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी।

### होम्योपैथी का प्रचार-प्रसार

खरसिया में आयुष विभाग ने नागरिकों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं से परिचित कराने हेतु पाम्पलेट वितरित किए। अधिकारियों ने बताया कि होम्योपैथी एक सरल, किफायती और प्रभावी उपचार पद्धति है, जो आम नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है।

### ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं

दरोगापारा बुढ़ी माई में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। यहाँ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, औषधि वितरण और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने में सहायक हैं।



### अग्रसेन भवन चंद्रपुर में आनंद मेला आयोजित

**चंद्रपुर।** अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में चंद्रपुर के अग्रसेन भवन में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में अग्रवाल समाज की महिलाओं के साथ-साथ मरवाड़ी युवा मंच ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मेले में भल्ला, बटाटा पोड़ी, बेड़ सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए गए, जो आगंतुकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहे। इस आयोजन ने जहां महिलाओं को अपनी पाक-कला प्रस्तुत करने का अवसर दिया, वहीं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का भी मंच मिला। मरवाड़ी युवा मंच ने मेले की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण



**तमनार।** क्षेत्रीय विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य कर रही जिंदल फाउंडेशन, जेपीएल तमनार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम बासनपाली एवं गारे पेलमा माइंस परिक्षेत्र के ग्राम टिहलीरामपुर में सघन पौधरोपण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी.के. मिश्रा (प्रबंध निदेशक, जेपीएल तमनार), अजय पाण्डेय (मुख्य कार्यकारी अधिकारी), जी. वेकट रेड्डी (कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड), प्रकाश (सीईओ गारे पेलमा), वन विभाग रेंजर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, प्रबुद्ध नागरिक, श्रमिक और ग्रामीण मौजूद रहे। पी.के. मिश्रा ने अपनी माता श्रीमती सरोजनी मिश्रा के नाम पौधा रोपित करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास है, बल्कि अपनी मां के प्रति श्रद्धांजलि और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी है। वहीं अजय पाण्डेय ने अपनी माताजी श्रीमती चंदा बाई पाण्डेय के नाम पौधरोपण कर इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताया। जी. वेकट रेड्डी ने भी अपनी माता श्रीमती सीथा रथनम के नाम पौधा लगाकर सभी को इस अभियान से जुड़ने की अपील की। ज्ञातव्य है कि इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर की थी, जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। जिंदल फाउंडेशन ने इस पहल को और मजबूती देते हुए बड़े स्तर पर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बासनपाली की सरपंच श्रीमती सविता ठाकुर, उपसरपंच सीमा साहू, विभिन्न विभागाध्यक्ष, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, सैकड़ों कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुसौर में आयुर्वेद प्रचार हेतु विशेष कार्यक्रम



**पुसौर।** आयुर्वेद को जन-जन तक पहुँचाने और आयुष पद्धति के महत्व को प्रचारित करने के उद्देश्य से नगर पंचायत पुसौर अंतर्गत स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोग प्रतिरोधक काढ़ा वितरण, पाम्पलेट वितरण तथा 6 माह से 12 वर्ष तक के 34 बच्चों का स्वर्णप्रशन संस्कार किया गया।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. देबाशीष राय चौधरी ने जानकारी दी कि स्वर्णप्रशन संस्कार, शास्त्रों में वर्णित 16 संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार है। यह हर माह पुष्य नक्षत्र में किया जाता है और बच्चों के व्याधिक्षमत्व बल (रोग प्रतिरोधक क्षमता) को बढ़ाने के साथ उनके समग्र विकास में सहायक माना जाता है। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। बच्चों को संस्कार से जोड़ने के साथ ही आमजन को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले घरेलू उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर फार्मासिस्ट नीलकंठ देवांगन, पंचकर्म सहायक शिव प्रसाद बघेल, दिनेश कुमार सारथी एवं डोलनारायण सिदार ने सक्रिय सहयोग दिया।

# आदि कर्मयोगी अभियान: जिले के 63,064 आदिवासी परिवारों के सर्वांगीण विकास की दिशा में जोरदार पहल



**रायगढ़।** जिले में आदिवासी परिवारों के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में इस अभियान का लक्ष्य 316 ग्रामों के 63,064 आदिवासी परिवारों को लाभान्वित करना है। इसके तहत राज्य से लेकर ब्लॉक स्तर तक व्यापक प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं।

अभियान की शुरुआत 11 से 14 अगस्त को रायपुर में आयोजित स्टेट प्रोसेस लैब से हुई, जिसमें जिले से सात मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया। इसके बाद 18 अगस्त को जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुआ। 04 से 6 सितंबर तक जिला स्तरीय प्रोसेस लैब ईडेन गार्डन रायगढ़ में संपन्न हुई, जिसमें सात विकासखंडों के 83 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रशिक्षित प्रतिभागियों ने आदि कर्मयोगी के रूप में शपथ ली। 8 और 9 सितंबर को ब्लॉक मुख्यालयों में ब्लॉक स्तरीय ओरिएंटेशन आयोजित किया गया और 9 से 15 सितंबर तक ब्लॉक प्रोसेस लैब में 1,534 आदि सहयोगियों को प्रशिक्षित कर शपथ दिलाई गई। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे ने बताया कि प्रत्येक ग्राम में 30 सितंबर तक ग्राम स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्राम कार्ययोजना तैयार की जाएगी। यह कार्य विजन आदि सहयोगियों, आदि साथी और स्थानीय एनजीओ के सहयोग से किया जाएगा। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए 316 सेवा केंद्र चिह्नांकित किए गए हैं, जहां स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा मैपिंग का कार्य प्रारंभ हो चुका है। ग्राम मिशन टीम का गठन कर प्रत्येक ग्राम में पांच आदि सहयोगी और 20-25 साथी नियुक्त किए गए हैं। जनजागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन और प्रचार सामग्री के माध्यम से संदेश घर-घर पहुँचाया जा रहा है।

# सरकार गिराने वाले अब वोट चोरी की बात कर रहे : दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कांग्रेस द्वारा वोट चोरी को लेकर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान और रोड शो पर भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपनी ही पार्टी की सरकार को अस्थिर करने वाले सचिन पायलट पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गद्दार होने का गंभीर आरोप लगाया था।

अरुण धर दीवान ने कहा कि वर्ष 2020 में गहलोत सरकार पर सियासी संकट आया था। उस समय सचिन पायलट अपने समर्थक विधायकों को लेकर मानसेर चले गए थे। उन पर सरकार गिराने की साजिश का आरोप लगा, मुकदमा भी दर्ज हुआ और नतीजतन उन्हें डिप्टी सीएम और पीसीसी चीफ के पद से हटा दिया गया। जो नेता अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े हो गए, जनता को गुमराह कर सरकार गिराने की कोशिश की, वे आज वोट चोरी का आरोप लगाकर छत्तीसगढ़ की जनता को बरगलाने निकले हैं। उन्होंने रोड शो पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ता पाने की जल्दबाज़ी में पायलट ने अपनी पार्टी को ही कमजोर कर दिया और आज हास्यास्पद स्थिति में कांग्रेस केवल बयानबाज़ी कर रही है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम नदीगांव रा.नि.मं सरिया
प.ह.नं. 11 तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास विश्वाल पिता स्व. विवके विश्वाल निवासी नदीगांव तह. सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने दादा स्व. दीनबंधु विश्वाल का मृत्यु दिनांक 13.01.2009 (शब्दों में तेरह जनवरी दो हजार नौ) को ग्राम नदीगांव में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 25.09.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सरिया

### घरघोड़ा में फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालकदास देखने की अपील

**घरघोड़ा।** भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष भरत खंडेल, उपाध्यक्ष सम्पत कुर्रे और पूरी इकाई टीम ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे आगामी 19 सितंबर को रिलीज होने वाली ऐतिहासिक फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालकदास को अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज के स्वाभिमान और गौरवशाली इतिहास की झलक है। अधिकारियों ने कहा कि गुरु बालकदास ने कमजोर वर्गों और समाज के हक-अधिकार के लिए अपना बलिदान दिया था। उनकी शहादत आज भी प्रेरणा देती है। फिल्म के जरिए वह इतिहास सामने आएगा जो अब तक किताबों तक ही सीमित रहा। इस फिल्म का निर्देशन आमिर पति ने किया है और निर्माता जेआर सोनी, रवीन्द्र सोनी, जेआर जोशी, हैप्पी मिश्रा व धनंजु पवन हैं।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742




